## पैसेंजर ईरिक्शा, ऑटो में भर रहे लोडिंग माल




**उज्जैन।** **ई रिक्शा एवं पेसेंजर ऑटो के चालकों द्वारा सवारी के साथ ही ईरिक्शा पैसेंजर ऑटो का लोडिंग माल ले जाने में उपयोग करने के विरोध में वन्दे मातरम् लोडिंग वाहन चालक-परिचालक संघ ने सड़क परिवहन विभाग, पुलिस अधीक्षक के साथ ही यातायात पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है।**

शिकायत में कहा कि उज्जैन शहर में ई रिक्शा एवं पैसेंजर ऑटो वाहन में मालवाहक सामान का भाड़ा डाल रहे है। जिसकी वजह से छोटे लोडिंग वाहन चालकों की रोजी रोजगार पर संकट पड़ रहा है। बहुत से चालकों ने वाहन फाइनेंस करवा रखा है। जिसकी किश्त भरने में और परिवार का पालन पोषण करने में परेशानी का सामना पड़ रहा है। पैसेंजर ई रिक्शा एवं पैसेंजर ऑटो संचालको से निवेदन किया कि आपके द्वारा व्यावसायिक सामान न छोड़ा जाये तो उनके द्वारा गलत तरीके से बात की जाती है तथा गाली गलौज करते हैं। वन्दे मातरम लोडिंग वाहन चालक परिचालक संघ के सचिन वर्मा, सादिक खान, सेवज खान, बंटी सक्सेना, सादिक खान, संजय चौहान, लक्ष्मी नारायण रजक, गणेश भाई, दिलीप भाई, बंटी शर्मा ने अनुरोध किया कि पैसेंजर वाहनों का लोडिंग में उपयोग करने वाले ईरिक्शा ऑटो चालकों के खिलाफ उचित कार्रवाई कर इस परेशानी से मुक्ति दिलाएं। यह जानकारी जिला महामंत्री कमलेश उमावा ने दी।

## हिंदू सम्मेलन कार्यालय का शुभारंभ किया



**नागदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सुभाष बस्ती वासियों द्वारा आगामी 12 जनवरी को एक वृहद हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर गुरुवार को जवाहर मार्ग, किरण टॉकीज के सामने सम्मेलन कार्यालय का शुभारंभ किया गया।


कार्यालय उद्घाटन अवसर पर महंत जयनारायण दास एवं हिंदू जागरण मंच के प्रदेश पदाधिकारी भैरुलाल टांक द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं आरती कर हिंदू सम्मेलन का विधिवत शंखनाद किया गया।

आयोजन संयोजक योगेश जोनवाल ने उपस्थित बस्तीवासियों को संबोधित करते हुए सामाजिक समरसता से ओतप्रोत हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। आयोजन की महिला संयोजक वर्षा मेहता को नियुक्त किया गया, जबकि अशोक कुमार सोनी को कार्यालय प्रभारी बनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों का परिचय अंकित पोरवाल ने कराया तथा संचालन रूपम सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर महंत जयनारायण दास का स्वागत केसरिया दुपट्टा एवं श्रीफल भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच के भैरुलाल टांक, कैलाशचंद्र भनोपिया, गौरव वर्मा, हार्दिक सिंह बेस, निलेश मेहता, रूपम सिंह ठाकुर, अंकित पोरवाल, अनमोल पोरवाल, हेमंत, दीपक जैन, देवेंद्र सिंह तंवर, दिनेश चौरसिया, हिम्मत सिंह राठौड़, मनोज जैन, संदीप पोरवाल, मोनू सिंह ठक्कर, विजय जैन, अमरीक, राकेश पोरवाल, योगेश जोनवाल, सुरेश, वर्षा मेहता सहित बड़ी संख्या में बस्तीवासी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन गिरधारीलाल सोनी ने किया।

## एक नजर में

### वैष्णव समाज ने जगतगुरु रामानंदाचार्य की जयंती मनाई



**खाचरौद।** वैष्णव समाज के आराध्य जगतगुरु रामानंदाचार्य की 727वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जगतगुरू के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज बंधुओं से गुरुदेव द्वारा बताए मार्ग पर चलने और उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अंगीकार करने का आव्हान किया। उक्त अवसर पर मप्र पुजारी महासभा अध्यक्ष नागेश्वर बैरागी, सेवा संघ जिला उपाध्यक्ष व वैष्णव बैरागी समाज के संरक्षक ओमप्रकाश बैरागी, पूर्व अध्यक्ष रामदास बैरागी, पूर्व सरपंच नारायणदास बैरागी पालना, भैरुदास बैरागी दीवेल, बंशीदास बैरागी, विष्णुदास बैरागी मडावदा, नारायणदास कंचनखेडी, अंबूपुरी भेसोला, आनंददास बुरानाबाद, हर्षिल बैरागी सहितअन्य समाज बंधु उपस्थित थे।

### महिला कांग्रेस ने शहीद पार्क पर श्रद्धांजलि दी

**खाचरौद।** पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर के निर्देशानुसार महिला कांग्रेस द्वारा शहीद पार्क पर इंदौर भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई दुखद घटना में दिवंगत हुए को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इससे पूर्व भाजपा के मंत्री द्वारा मीडिया में गलत बयान की निंदा की गई। उक्त अवसर पर कांग्रेसजन मोनिका त्रिवेदी ,पार्षद रजनी गौहर, प्रतीक्षा महावर, सपना मालवीय, जसोदा बी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान अंतर्गत पशुपालकों से की भेंट



**घट्टिया।** पशुपालन विभाग के दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों के घर जाकर उनसे गृह संपर्क किया गया। एसडीएम राजाराम करजरे, पशुपालन विभाग के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरआर शाक्य, इंद्रकुमार पटेल, मेहरबान सिंह आदि ने घट्टिया तहसील के ग्राम पिपलई में पशुपालकों से गृह भेंट कर पशुओं का वेरिफिकेशन कर पशु नस्ल, पशु आहार, पशु स्वास्थय के बारे में जानकारी देते हुए, पशु पालन से पशुपालकों की आय बढ़ाने की जानकारी दी।

### हिन्दी दिवस पर डॉ. चौधरी को मिलेगा सम्मान

**उज्जैन।** विश्व हिन्दी प्रचार प्रसार संस्थान पुणे एवं राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना इकाई प्रदेश महाराष्ट्र तथा नागरी लिपि परिषद नई दिल्ली इकाई महाराष्ट्र का संयुक्त आयोजन विश्व हिन्दी दिवस पर 10 एवं 11 जनवरी को च्वाईस कॉलेज पुणे में होगा। यह जानकारी प्रादेशिक सचिव डॉ. रंजना पांचाल ने दी।

## 11 जनवरी ऋषि नगर बस्ती में होगा विराट हिंदू सम्मेलन




**उज्जैन।** **11 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए ऋषि नगर बस्ती द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निमंत्रण पत्र का लोकार्पण किया। लोगों को निमंत्रण देने के लिए शुक्रवार को वाहन रैली निकाली गई। वहीं आज 10 जनवरी को भव्य राम यात्रा निकाली जाएगी। 11 तारीख को सरस्वती स्कूल में विराट हिंदू सम्मेलन किया जाएगा।**

मंशामन हनुमान मंदिर में बैठक के दौरान टोली के सदस्यों ने आमंत्रण कार्ड का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के तहत शुक्रवार शाम को बस्ती के सदस्यों के द्वारा वाहन रैली निकालकर बस्ती के रहवासियों को निमंत्रण दिया गया। इसके बाद शनिवार को भव्य राम यात्रा एक बजे सौभाग्यायेश्वर महादेव मंदिर से निकाली जाएगी। राम जी को पालकी में विराजमान करके ऋषि नगर के प्रमुख मार्गों से यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें महिला पीले और लाल रंग की साड़ी पहनकर शामिल होगी तो वहीं पुरुष पगड़ी कुर्ता पजामा पहनकर शामिल होंगे। यात्रा ऋषि नगर के सभी प्रमुख मंदिरों पर पहुंचेगी जहां पर बस्ती के रहवासी श्रीराम जी का पूजन अर्चन कर भव्य स्वागत करेंगे। 11 तारीख को सुबह 10 बजे ऋषि नगर के सरस्वती स्कूल में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हिन्दू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु वक्ता संदेश देंगे। सर्व हिन्दू समाज द्वारा सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

## छोटी बचत से सुरक्षित भविष्य की ओर छात्राओं को समझाया बचत का महत्व

**उज्जैन।** कालिदास कन्या महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं बैंकिंग विषय पर छात्राओं के ज्ञानवर्धन हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र जैन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं अतिथि स्वागत के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, भारतीय रिज़र्व बैंक, भोपाल के जिला अग्रणी अधिकारी श्री राम नागर ने छात्राओं को बैंकिंग लोकपाल योजना की जानकारी देते हुए डिजिटल वित्तीय साक्षरता, चक्रवर्ती ब्याज, डिजिटल रुपया तथा टाइम वैल्यू ऑफ मनी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार वित्तीय समझ विकसित कर सुरक्षित एवं लाभकारी निवेश किया जा सकता है। बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच हेड श्री भरत नागर ने अपने विशिष्ट वक्तव्य में छात्राओं को बैंकिंग से संबंधित विभिन्न सेवाओं, खातों, ऋण, डिजिटल लेन-देन एवं सुरक्षा उपायों की उपयोगी जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय भार्गव ने छात्राओं को छोटी-छोटी बचत की आदत विकसित करने हेतु प्रेरित किया तथा वित्तीय जोखिमों से बचने के व्यावहारिक उपाय बताए। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ स्मिता देराश्री ने किया एवं डॉ गुंजन जैन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ. रूपा भावसार ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. कविता जैन, डॉ. भावना नागर, डॉ. एकता दुबे, डॉ. मीरा यादव, मोनिका परमार, डॉ. मधु खंडेलवाल, रुपाली झीनीवाल, डॉ. अजय हाड़ा, डॉ. योगिता खटके, डॉ. सीमा उपाध्याय, शगुफ्ता तंवर, सुश्री सिद्धिका पुंगेरा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी, ज्ञानवर्धक एवं व्यवहारिक सिद्ध हुआ।

## 18 जनवरी को संविधान बचाओ महाआंदोलन में शामिल होंगे



**घट्टिया।** 18 जनवरी को भोपाल में होने वाले संविधान बचाओ जन-आक्रोश महाआंदोलन में शामिल होने को लेकर घट्टिया में स्व. नागूलाल मालवीय बस स्टैंड पर शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम भारत के नारी मुक्तिदाता डॉ. बीआर अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने 18 जनवरी भोपाल चलने की स्वीकृति और अधिक संख्या बल के साथ चलने की बात कही। बैठक में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय संयोजक रेणुका गांधी, जेके मालवीय, प्रकाशचंद्र बाली, हरलाल मालवीय, लक्ष्मीनारायण परमार, रवि परमार डाबरी, अशोक बरेटा, कनीराम मालवीय, कैलाश नकुम, रंजीत चौरसिया आदि उपस्थित थे। अंत में भारत के संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कर प्रतिज्ञा ली गई।

## अलखधाम नगर बस्ती में आज निकलेगी धर्म ध्वजा वाहन रैली

**उज्जैन।** **अलखधाम नगर बस्ती उज्जैन द्वारा भव्य दिव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन 1 जनवरी से 11 जनवरी तक किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज 10 जनवरी शनिवार को शाम 430 बजे दो तालाब उद्यान, योग भवन, इन्दौर रोड़ से धर्म ध्वजा वाहन रैली निकाली जाएगी।**

कार्यक्रम के संयोजक रमेश गजरानी, सह संयोजक सुरेश मोड़ एवं आनंद पंड्या ने बताया कि 11 जनवरी, रविवार को प्रात: 10 बजे से दो तालाब उद्यान, योग भवन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संत आर्शीवचन व बौद्धिक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अलखधाम नगर बस्ती क्षेत्र में अलखधाम नगर, गोवर्धन धाम नगर, साकेत नगर, सांई धाम कॉलोनी सुभाष नगर, हरिहर नगर, परवाना नगर, स्नेह नगर, बादशाह नगर श्रीराम नगर, मान सरोवर कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी, ओमसांई मल्टी, बैंक कॉलोनी के रहवासी शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात अलखधाम नगर बस्ती का भोज भी आयोजित किया जाएगा। संयोजक व संपर्क सूत्र -अभिनव चतुर्वेदी, संदीप जोशी, प्रशांत चंदेरी, दीपक बेलानी, कमल साहलानी रहेंगे। दीपक बेलानी के अनुसार 9 जनवरी शुक्रवार को रांगोली प्रतियोगिता (मोहल्लाश:) का आयोजन हुआ। जिसमें बस्ती के घर घर रंगोली बनाई गई। संयोजक व संपर्क सूत्र रुपाली विपट, हर्षिता धनवानी रही। रमेश गजरानी संयोजक, सुरेश मोढ़ सह संयोजक, आनंद पण्ड्या सह संयोजक, सुकृति व्यास सह संयोजक, ओमप्रकाश गर्ग कोषाध्यक्ष ने समस्त अलखधाम नगर बस्ती रहवासियों से धर्म ध्वजा यात्रा एवं विराट हिंदू सम्मेलन में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## 12 जनवरी को होगी स्वदेशी संकल्प दौड़

**उज्जैन।** स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी युवा दिवस को विद्यालय एवं महाविद्यालय में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया जाकर स्वदेशी का संकल्प कराया जाएगा। उक्त आयोजन को लेकर स्वदेशी जागरण उज्जैन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वदेशी जागरण के प्रांत सह संयोजक दिलीप सिंह चौहान, प्रांत संपर्क प्रमुख डॉ. सुरेश चौपड़ा सहित उज्जैन के स्वदेशी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। डॉ. चौपड़ा ने बताया कि इसमें जन अभियान परिषद की भी भागीदारी रहेगी। इस के लिए शिक्षा विभाग द्वारा भी विद्यालयों एवं महाविद्यालयो को निर्देश प्राप्त हुए है। बैठक में जिले की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिला संयोजक प्रदीप तिवारी, जिला सहसंयोजक महेश पाटीदार, विचार मंडल प्रमुख गंगाराम मंडलोई, राजीव दीक्षित, प्रचार प्रमुख नंदकिशोर मंडलोई, अजय त्रिवेदी,कोश प्रमुख सुनील उपाध्याय, निलेश राणा, विजय पांचाल, विधि प्रमुख धीरज गोभुज को दायित्व प्रदान किए गए।

## जैन यूनिटी फोरम ने प्रभु भक्ति के साथ किया प्रतिभाओं का सम्मान



**उज्जैन।** **जैन यूनिटी फोरम के संस्थापक अध्यक्ष मनोज सुराणा के निर्देशन में मोदी ग्रुप द्वारा दादा अवन्तिजी के दरबार में प्रभु भक्ति के साथ सुबह सेवा पूजा दर्शन ओर भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्त प्रभु भक्ति में झूमे ओर प्रभु भक्ति का आनंद लिया।**

अंजू मनोज सुराणा ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन की पूर्व संध्या पर ग्रुप की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। तंबोला के साथ उपहार तथा सभी सदस्यों को डायरियां प्रदान की गई। आरती अंग रचना के लाभार्थी मनोज सुराणा परिवार, प्रभावना के लाभार्थी संतोष कोठारी परिवार, प्रभु तोरण संतोष सालेचा परिवार द्वारा बांधा गया। हर परिवार को सरप्राइज़ उपहार मिला। इस अवसर पर मनोज, अंजू, ऐश्वर्य, माधुर्य सुराणा, नितेश जया मेगी नाहटा, संतोष तारा सालेचा, ललित कोठारी, संतोष चंदन कोठारी, महेश मधु घूघरिया, प्रमोद चंचल पटवा, रमेश पुखराज चोपड़ा, प्रदीप किरण नाहटा, राजकुमार स्वाति भावना, संघवी अरिहंत, निधि जैन, अमित अर्पिता बाठिया, प्रकाश किरण जैन, अंकित अमीषा जैन, लोकेश हिना सालेचा, जितेंद्र सालेचा, कुनिका कुशिका जैन, जिनेश सराफ, राजेश अनीता सोनी, कांता बाठिया, रीना दुग्गड, रश्मि जैन, उर्मिला जैन, मयूरी जैन, प्रमोद जैन, भेरू लाल सुवासरा वाले, प्रदीप गादिया, प्रफुल्ल रानी लोढ़ा, अविनाश राखी सुराणा, प्रदीप नाहर सहित समाजजन उपस्थित रहे।

**एक नजर** — कठिन समय में संगठन पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है

## दूषित पानी से जान गंवाने वालों को युवक कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि




**उज्जैन।** **इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से हुई मौतों ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है। इस हृदयविदारक घटना में जान गंवाने वाले सभी मृतकों को युवक कांग्रेस उज्जैन उत्तर विधानसभा की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**

युवक कांग्रेस उज्जैन उत्तर विधानसभा अध्यक्ष यश जैन के नेतृत्व में आयोजित श्रध्दांजलि सभा में सभी मृतजनों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। सभी ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं तथा प्रशासन से घटना की निष्पक्ष जांच एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

युवक कांग्रेस ने कहा कि इस कठिन समय में संगठन पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है। इस अवसर पर शास्त्री नगर ब्लॉक अध्यक्ष बबलू खींची, गिरीश चौहान, दीपेश जैन, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रतीक जैन, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रितेश शर्मा, वरुण शर्मा, असलम भाई, अभिषेक सोलंकी, संतोष दरबार, वीरभद्र वर्मा, अभिषेक परमार, अभिषेक सिंह कुशवाह, मेहुल शर्मा, चिराग, उपाध्याय, आदित्य गहलोत, अंकित भारद्वाज, हर्ष जैन, आयुष बागोरिया, अवि नाटा, आयुष बरोड़, युवक कांग्रेस के अन्य साथी उपस्थित थे।